सं. 5/5/2020 – रा. भा. (सेवा)
भारत सरकार
गृह मंत्रालय/ राजभाषा विभाग

एनडीसीसी –॥ भवन,
बी विंग, चौथा तल, जय सिंह रोड,
नई दिल्ली – 110 001
दिनांक: 25 जनवरी, 2021

कार्यालय आदेश

केन्द्रीय सचिवालय राजभाषा सेवा संवर्ग के श्री पवित्र जायसवाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय के दिनांक 18 जनवरी, 2021 के कार्यालय ज्ञापन सं. ए – 48011/12/2020 – प्रशा. (एक्स – कैडर पोस्ट) के अनुसरण में दिनांक 18 जनवरी, 2021 अपराह्न को राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय में कार्यभार ग्रहण किया।

2. **श्री पवित्र जायसवाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी को तत्काल प्रभाव से कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि मंत्रालय, में वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के रिक्त पद के एवज में तैनात किया जाता है।** राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के दौरान श्री पवित्र जायसवाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी को दिनांक 18 जनवरी, 2021 अपराह्न से 25 जनवरी, 2021 अपराह्न तक की अवधि के दौरान अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting) में रखा गया।

3. राजभाषा विभाग में कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत श्री पवित्र जायसवाल ने दिनांक 20.01.2021 तथा 21.01.2021 (02 दिन) का अर्जित अवकाश ग्रहण किया है। अनिवार्य प्रतीक्षा (Compulsory Waiting) की अवधि के वेतन का भुगतान कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि मंत्रालय द्वारा वहन किया जाएगा।

यह आदेश सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

25/1/2021

(हेमलता)
अवर सचिव (सेवा)

सेवा में

1. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली
2. अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, नॉर्थ ब्लॉक, नई दिल्ली को प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि श्री पवित्र जायसवाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी की सेवापंजी, एलपीसी इत्यादि दस्तावेज अवर सचिव (प्रशा./स्थापना), कृषि, सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग, कृषि मंत्रालय, कृषि भवन, नई दिल्ली को सीधे ही भिजवा दिए जाएं।
3. श्री पवित्र जायसवाल, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी, राजभाषा विभाग, एन डी सी सी – ॥ भवन, नई दिल्ली।
4. श्री नगेंद्र सिंह, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (एन आई सी)। कृपया इस कार्यालय आदेश को राजभाषा विभाग की वैबसाइट पर अपलोड करवाने की व्यवस्था करें।